प्रेषकः

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

मुख्य शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद,
उत्तराखण्ड

पत्रांक– 160-63 / शोध एवं पाठ्यक्रम / ए– / प्रति0 प्र0 / 2024–25 / दिनांकः 28/10/2024

विषय– परिषदीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत कक्षा 10 व 12 के प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों कों परिषद की वैबसाइट पर अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि परिषदीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत कक्षा 10 व 12 के प्रश्नपत्रों के स्वरूप से छात्र–छात्राओं को अवगत कराये जाने हेतु परिषद द्वारा प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे अनुभवी शिक्षकों से प्रमुख विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों का निर्माण कराया गया है। इन प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों को छात्र–छात्राओं के उपयोगार्थ परिषद की वैब साइट **www.ubse.uk.gov.in** पर अपलोड किया गया है। बैबसाइट के होम पेज पर स्थित लिंक **OLD/MODEL QUESTION PAPER** को क्लिक करके इन प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों को देखा जा सकता है।

इन प्रतिदर्श प्रश्न पत्रों से छा्त्र–छात्राएं यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि परिषदीय परीक्षा के प्रश्नपत्र में विभिन्न प्रकार के (बहुविकल्पीय, निश्चित उत्तरीय, अति लधु उत्तरीय, लघु उत्तरीय,दीर्घ उत्तरीय, आदि) कितने प्रश्न पूछे जायेंगे। परन्तु किस इकाई / पाठ से किस प्रकार के कितने प्रश्न पूछे जायेंगे इसका कोई भी अनुमान इन प्रश्नपत्रों से न लगाया जाए। परीक्षा की दृष्टि से परिषद की बैबसाइट पर प्रकाशित सम्बन्धित विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का विस्तृत अध्ययन अनिवार्य है।

विभिन्न विषयों के प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों में कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गये हैं, परिषदीय परीक्षा के प्रश्नपत्रों में आन्तरिक विकल्पों की संख्या भिन्न हो सकती है।

अपलोड किए गये प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों में कुछ प्रश्नपत्र द्विभाषिक हैं। परिषदीय परीक्षा में भाषा विषयों के अतिरिक्त अन्य सभी प्रश्नपत्र द्विभाषिक होंगे।

परिषदीय परीक्षा के प्रश्नपत्रों में मुद्रित निर्देश प्रतिदर्श प्रश्नपत्र में मुद्रित निर्देशों से भिन्न हो सकते हैं।

ये प्रतिदर्श प्रश्नपत्र केवल प्रारम्भिक तैयारी की दृष्टि से अपलोड किए जा रहे है। प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के सम्बन्ध में किसी पृच्छा के लिए सम्पर्क सूत्र निम्नवत हैं–

1– श्री शैलेन्द्र जोशी, शोध अधिकारी, मोबाइल नम्बर–7055513072

2– डा0 नन्दन सिंह बिष्ट, शोध अधिकारी, मोबाइल नम्बर–7906489456

e-mail: secy-ubse-uk@nic.in
ubse.researchandsyllabus@gmail.com
फोन नम्बर– 05947–254275

परिषदीय परीक्षा 2025 के पाठ्यक्रम, टाइपॅालाजी, प्रश्नपत्र डिजायन आदि के सम्बन्ध में अन्य निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

26/X/2024

(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)

पृ0स0– 160-63 /शोध एवं पाठ्यक्रम/प्रति0 प्र0/ए– /2024–25/दिनांकः उक्तवत

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– सभापति/निदेशक, उ0वि0शि0प0 रामनगर(नैनीताल)/माध्यमिक शिक्षा ननूरखेड़ा, देहरादून।

2– निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण, देहरादून।

3– समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/प्रधानाध्यपक/प्रधानाध्यपिका, समस्त राजकीय/अशासकीय इण्टर कालेज/बालिका इटर कालेज/उ0मा0वि0/क0उ0मा0वि0, समस्त जनपद, उत्तराखण्ड (द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित जनपद)

(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)